केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-III, आर.आर.एल. जोरहाट

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# त्रैमासिक समाचार पत्र

# दृष्टिकोण



जुलाई 2025 से सितंबर 2025



## मुख्य संरक्षक CHIEF PATRON



श्रीमती प्राची पांडे, आयुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय), नई दिल्ली,



श्री चंद्र शेखर आज़ाद, उपायुक्त,
केन्द्रीय विद्यालय संगठन, गुवाहाटी क्षेत्र



डॉ. वीरेन्द्र एम. तिवारी, निदेशक,
सीएसआईआर- नीस्ट
अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति (वीएमसी)

## संरक्षक



श्री रामकुमार पाणिग्रही ,सहायक आयुक्त,
केन्द्रीय विद्यालय संगठन, गुवाहाटी क्षेत्र



श्री नरेश कुमार, सहायक आयुक्त,
केन्द्रीय विद्यालय संगठन, गुवाहाटी क्षेत्र



डॉ. कृष्ण कुमार मोटला ,समन्वयक
प्राचार्य
केंद्रीय विद्यालय नं III ,आर आर एल ,जोरहाट



# प्राचार्य का संदेश

शिक्षा स्वतंत्रता के स्वर्ण द्वार खोलने की कुंजी है.
- जार्ज वाशिंगटन करवर

विद्यालय के त्रैमासिक समाचार पत्र के लिए प्रस्तावना के रूप में कुछ शब्द लिखना मेरे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। शिक्षा के क्षेत्र में आए इस बड़े बदलाव के साथ, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-III आर.आर.एल. जोरहाट का उद्देश्य केवल शैक्षिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे का सर्वांगीण विकास करना भी है। हमारे विद्यालय में आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रम और गतिविधियाँ हर बच्चे को एक शैक्षिक मेधावी होने के साथ-साथ एक नैतिक और विचारशील जागृत नागरिक बनने में मदद करती हैं।

मेरा मानना है कि उत्कृष्टता एक सतत यात्रा है। यह सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने की एक अटूट प्रतिबद्धता है। इसी प्रतिबद्धता के साथ, हम नई ऊँचाइयों को छूने और ऐसे मानदंड स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं जिन पर हम सभी को गर्व हो। मैं इस महीने के कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए मेरे सभी प्रिय छात्रों और कर्मचारियों को उनके निरंतर सहयोग और रुचि के लिए बधाई देना चाहता हूँ।

डॉ. कृष्ण कुमार मोटला
प्राचार्य
केंद्रीय विद्यालय नं III ,आर आर एल ,जोरहाट

**उठना शुरु किया है, गिरना भी,
कठिनाइयों का सामना करना, कमाना,
उत्कृष्टता प्राप्त करना, जीतना और
अपनी एक पहचान बनाना...
हाँ, मैं एक केवीयन हूँ।**

*( Yes, I am KViAN )*





**प्रिय पाठकों,**

हमें यह बताते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि हमारे विद्यालय /संगठन का यह त्रैमासिक समाचार पत्र आपके समक्ष प्रस्तुत है। इस अंक में आप बीते तीन महीना की महत्वपूर्ण गतिविधियों, उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त करेंगे।

## केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-III, आर.आर.एल., जोरहाट - एक दृष्टि में

**विद्यालय का नाम:** केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-3, आर.आर.एल. जोरहाट, असम - 785006
**स्थापना तिथि:** 01/04/2003
**अधिकतम कक्षा एवं प्रत्येक कक्षा में स्वीकृत अनुभागों की संख्या:** कक्षा XII (प्रत्येक कक्षा में एक अनुभाग)
**प्राचार्य का नाम:** डॉ. कृष्ण कुमार मोटला
**फोन नंबर:** 0376-2372550
**अनुभाग:** सिविल
**जिला:** जोरहाट
**राज्य / केंद्र शासित प्रदेश:** असम - 785006
**पत्राचार का पता:**
केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-3, आर.आर.एल. जोरहाट
सीएसआईआर- नीस्ट परिसर,
डाकघर: आर.आर.एल., पुलीबोर, जोरहाट - 785006, असम



# एनसीसी (NCC) अधिकारियों का आगमन

दिनांक : 10/07/2025




हम गर्वित महसूस कर रहे हैं कि कर्नल राजेश चंद, कमांडिंग ऑफिसर, 64 असम बटालियन एनसीसी, जोरहाट एवं सूबेदार मेजर आनंद प्रकाश ने हमारे विद्यालय में पधारकर हमें उत्साहवर्धन किया।



यह दिन हमारे नवोदित कैडेट्स के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक रहा!




परिचय सत्र के बाद विद्यार्थियों के लिए बेसिक ड्रिल एवं 'सावधान-विश्राम' जैसे कमांड अभ्यास आयोजित किए गए।



## एस.टी.ई.एम. (STEM) सप्ताह

# प्रथम दिन: उद्घाटन एवं करियर मार्गदर्शन

दिनांक 14/07/2025












एस.टी.ई.एम. (STEM) सप्ताह की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार मोटला के प्रेरणादायक संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने भविष्य के नवप्रवर्तकों को गढ़ने में एस.टी.ई.एम. (STEM) शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया।

हमें सौभाग्य प्राप्त हुआ कि डॉ. संजय ढेओरी, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, सीएसआईआर-नीस्ट (CSIR-NEIST), ने STEM कार्ड्स के माध्यम से करियर की संभावनाओं पर एक ज्ञानवर्धक सत्र प्रस्तुत किया।

विद्यार्थियों ने स्कूल इनोवेशन काउंसिल (SIC) एवं KAPILA योजना से संबंधित सत्रों में भाग लिया, जिनमें नवाचार, बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) और पेटेंट प्रक्रिया पर विशेष ध्यान दिया गया।

दिन का समापन कक्षा IX और X के लिए आयोजित STEM प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के साथ हुआ, जो अत्यंत रोचक और ज्ञानवर्धक रहा।

# एस.टी.ई.एम. (STEM) सप्ताह
# द्वितीय दिनः नवाचार और रचनात्मकता की प्रस्तुति

दिनांक: 15/07/2025













द्वितीय दिवस रचनात्मकता, नवाचार और अनुभवात्मक शिक्षा को समर्पित रहा।

इसकी शुरुआत एक छात्र द्वारा दिए गए प्रेरणादायक भाषण से हुई, जिसमें एक युवा भारतीय नवप्रवर्तक की यात्रा का वर्णन कर सहपाठियों को सीमाओं से परे सोचने के लिए प्रेरित किया गया।

INSPIRE अवार्ड MANAK के अंतर्गत आयोजित आइडिया पिचिंग सत्र में छात्रों ने आत्मविश्वास के साथ अपनी मौलिक और समस्या समाधान पर आधारित विचार प्रस्तुत किए।

इसके पश्चात एक हैंड्स-ऑन प्रयोग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने वैज्ञानिक अवधारणाओं को प्रयोगात्मक तरीकों से समझा।

दिन का समापन "हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान" विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता के साथ हुआ, जिसमें छात्रों ने यह दर्शाया कि विज्ञान किस प्रकार हमारे रोज़मर्रा के जीवन में रचा-बसा है।

एस.टी.ई.एम. (STEM) सप्ताह

# पाँचवाँ दिन: गणित का उत्सव

दिनांक: 18/07/2025




STEM सप्ताह के अंतिम दिन का केंद्रबिंदु गणित की शक्ति और सुंदरता था। इस दिन का आरंभ गणित क्विज़ से हुआ, जिसमें छात्रों की तार्किक सोच और सटीकता की परीक्षा ली गई। छात्रों ने "भारतीय गणित" विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में भी भाग लिया, जिसमें आर्यभट और रामानुजन जैसे महान गणितज्ञों के योगदान को उजागर किया गया। वैदिक गणित चुनौती ने प्राचीन मानसिक गणना तकनीकों को बढ़ावा दिया, जबकि सरल गणितीय ट्रिक्स का प्रदर्शन विषय को रोचक और समझने योग्य बना गया। इस उत्सव का समापन गणित मॉडल प्रदर्शनी के साथ हुआ, जहाँ छात्रों ने रचनात्मक मॉडल और गणितीय अवधारणाओं के वास्तविक जीवन में उपयोग को प्रस्तुत किया।

दिनांक : 21-25 जुलाई 2025

# "एक दिन वैज्ञानिक के रूप में'



प्रधानमंत्री की दृष्टि और सीएसआईआर की पहल के अंतर्गत, केवी आरआरएल जोरहाट के छात्रों ने सीएसआईआर-नीस्ट जोरहाट में आयोजित कार्यक्रम "एक दिन वैज्ञानिक के रूप में" में भाग लिया।



# अभिभावक-शिक्षक बैठकें (PTM)

दिनांक : 06/ 08/ 2025

कक्षा 1 से 12 तक के लिए अभिभावक-शिक्षक बैठकें (PTM) कक्षा 10 और 12 के आवधिक और मासिक परीक्षाओं के पूरा होने के बाद चरणबद्ध तरीके से आयोजित की गईं।

प्रधानाचार्य डॉ. के.के. मोटला ने व्यक्तिगत रूप से कई अभिभावकों के साथ बातचीत की, उनकी प्रतिक्रिया ली और निरंतर प्रदर्शन और समग्र विकास के महत्व पर जोर दिया।










अभिभावकों ने शैक्षणिक प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और स्कूल के प्रयासों की सराहना की।

जिन मामलों में छात्रों को शैक्षणिक या भावनात्मक समर्थन की आवश्यकता थी, उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया गया और उपचारात्मक कक्षाओं या परामर्श के लिए संयोजित किए गए ।

स्कूल अब PTM के दौरान प्राप्त प्रतिक्रिया के आधार पर अनुवर्ती कार्य योजना तैयार कर रहा है। उल्लेखनीय प्रगति और निरंतर प्रयास दिखाने वाले छात्रों की शिक्षकों और अभिभावकों दोनों ने सराहना की।

प्रधानाचार्य ने शिक्षण कर्मचारियों के प्रयासों को भी स्वीकार किया और अभिभावकों को उनके निरंतर समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## ✍️"सफलता का मंत्र: निरंतर प्रयास"

हर छोटा कदम हमें हमारे लक्ष्य के और करीब लाता है। इस महीने के प्रेरणादायक लेख में पढ़ें कि कैसे अनुशासन और धैर्य से बड़ी सफलता पाई जा सकती है।

# हर घर तिरंगा

दिनांक : 11 / 08/ 2025

**'हर घर तिरंगा' अभियान 2025 की भावना में, हमारा विद्यालय परिवार एक तिरंगा रैली के लिए एक साथ आया।**

**जिसने हर दिल में देशभक्ति और एकता के रंग बिखेरे।**












दिनांक : 09 / 08/ 2025

# रक्षाबंधन

केंद्रीय विद्यालय आर आर एल जोरहाट के विद्यार्थियों ने हर घर तिरंगा फेस 1 के अंतर्गत विद्यालय में राखी बनाई एवं 119 बटालियन सीआरपीएफ कैंप के जवानों को राखी बांधकर उनका अभिनंदन किया।

राखी का धागा केवल एक धागा नहीं है, बल्कि यह भाई-बहन के बीच के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है।






दिनांक : 13 / 08/ 2025
&
23 / 08/ 2025

# कला की रंगत –
## हमारे कक्षा VII & VIII के छात्रों की कलात्मकता और कल्पना का उत्सव










केंद्रीय विद्यालय, आर.आर.एल. जोरहाट में 13 अगस्त एवं 23 अगस्त 2025 को, कक्षा सातवीं और आठवीं के छात्रों ने कला शिक्षक श्री राम कुमार पटेल के मार्गदर्शन में, कैनवास कलाकृतियों की एक मनमोहक प्रदर्शनी लगाई। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. के. मोटला ने छात्रों की कलाकृतियों का अवलोकन किया और उनका उत्साहवर्धन किया।














# अलंकरण समारोह

दिनांक : 22/ 08/ 2025

केन्द्रीय विद्यालय क्र. III आर.आर.एल जोरहाट ने 2025 का अलंकरण समारोह गौरव और सम्मान के साथ आयोजित किया। इस समारोह में छात्रों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं और उनमें नेतृत्व की भावना को प्रेरित किया गया।



# मेगा टिंकरिंग डे

दिनांक : 12 / 08/ 2025

हमारे विद्यालय के लिए 12 अगस्त का दिन नवाचार, रचनात्मकता और व्यावहारिक शिक्षा से भरपूर था, जब हमने 'मेगा टिंकरिंग डे' का जश्न मनाया! 💡

छात्रों ने रोमांचक परियोजनाओं पर काम किया, प्रोटोटाइप बनाए और अपनी समस्या-समाधान क्षमताओं का प्रदर्शन किया, जिससे विचारों को हकीकत में बदला गया।

इस आयोजन को एक बड़ी सफलता बनाने के लिए हमारे युवा आविष्कारक , मार्गदर्शकों और शिक्षकों को बहुत-बहुत बधाई! 🎉













# केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक III आर.आर.एल. जोरहाट

दिनांक : 15 / 08/ 2025

# 79वाँ "स्वतंत्रता दिवस समारोह"

हवा में देशभक्ति, दिलों में एकता - ऐसे हमने आज अपने भारत का जश्न मनाया। केसरिया, सफेद और हरा रंग हमारे दिलो औ र , और हर पल 'भारत माता की जय' गूंज उठा।

**79वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ।**




















दिनांक : 23 / 08/ 2025

# राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन हमारे विद्यालय में बहुत ही प्रेरणादायक रहा। कक्षा XI के एक छात्र ने भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों पर एक प्रेरणादायक भाषण दिया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद, आदित्य-एल1 के माध्यम से सूर्य पर एक विशेषज्ञ वीडियो सत्र का आयोजन किया गया, जिसने हमें सूर्य के रहस्यों को गहराई से समझने का अवसर दिया।
कार्यक्रम का समापन चंद्रयान-3 पर एक आकर्षक और ज्ञानवर्धक संवादात्मक सत्र के साथ हुआ, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रश्नों के उत्तर दिए। यह दिन न केवल ज्ञानवर्धक था, बल्कि इसने छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि और जिज्ञासा भी जगाई।








राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2025 के उपलक्ष्य में, जोरहाट विज्ञान केंद्र और तारामंडल, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, असम सरकार ने एक अभिनव विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में, केवी आर आर एल जोरहाट की आईशी प्रिषा को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसमें एक प्रशस्ति पत्र और ₹2000 का नकद पुरस्कार शामिल था।






# राष्ट्रीय खेल दिवस

दिनांक : 29 / 08/ 2025

हमारे विद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एक उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जिसके बाद विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इस वर्ष के आयोजन का एक विशेष हिस्सा शतरंज प्रतियोगिता रही, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में एकाग्रता, धैर्य और रणनीतिक सोच जैसे महत्वपूर्ण कौशल को बढ़ावा देना था। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी मानसिक क्षमता का प्रदर्शन किया। यह दिन खेल भावना और शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को उजागर करने वाला रहा।






















दिनांक : 23 -28 अगस्त 2025

# कार्यशाला : बाल अधिकार, एनसीपीसीआर और पॉक्सो अधिनियम 2012

हमारे विद्यालय/संस्थान में "बाल अधिकार, एनसीपीसीआर (राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग) और पॉक्सो अधिनियम 2012" विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को बच्चों के अधिकारों, उनकी सुरक्षा तथा कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी देना था।






# ओपन डोर परीक्षा (Open Door)

दिनांक : 22 & 23 अगस्त 2025









# विद्यालय प्रबंधन समिति बैठक 2025

**दिनांक : 01/ 09/ 2025**

माननीय निदेशक, सीएसआईआर-एनईआईएसटी जोरहाट, डॉ. वी. एम. तिवारी जी की प्रतिष्ठित अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक 2025 सफलतापूर्वक संपन्न हुई। सभी समिति सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनके बहुमूल्य विचारों ने हमारे विद्यालय की प्रगति के लिए चर्चाओं को समृद्ध किया।













# हिंदी पखवाड़ा समारोह

दिनांक : 01/ 09/ 2025

हमारे विद्यालय में हिंदी पखवाड़ा समारोह का उद्घाटन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। राजभाषा हिंदी का सम्मान ही हमारी संस्कृति का गौरव है।













# राजभाषा हिंदी चर्चा सत्र

**दिनांक : 09/ 09/ 2025**




हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत "राजभाषा हिंदी चर्चा सत्र" आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य कार्यालय में राजभाषा हिंदी के अनुपालन को और अधिक प्रभावी बनाना था। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में, श्री शंकर शॉ ( कनिष्ठ अनुवादक अधिकारी, वर्षा वन अनुसंधान संस्थान ) रहे।









दिनांक : 09/ 09/ 2025

# विद्यालय पुस्तकालय गतिविधि के अंतर्गत हिंदी पखवाड़ा अवसर पर हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन हुआ।











दिनांक : 05/ 09/ 2025

# शिक्षक दिवस

## शिक्षक वह कलाकार है जो बच्चों के जीवन की नींव मजबूत बनाता है।























# अभिभावक-शिक्षक बैठकें (PTM)

दिनांक : 06/ 09/ 2025

कक्षा 10 के लिए अभिभावक-शिक्षक बैठकें (PTM) कक्षा 10 के मासिक परीक्षाओं के पूरा होने के बाद चरणबद्ध तरीके से आयोजित की गईं।
प्रधानाचार्य डॉ. के.के. मोटला ने व्यक्तिगत रूप से कई अभिभावकों के साथ बातचीत की, उनकी प्रतिक्रिया ली और निरंतर प्रदर्शन और समग्र विकास के महत्व पर जोर दिया।










अभिभावकों ने शैक्षणिक प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।
जिन मामलों में छात्रों को शैक्षणिक या भावनात्मक समर्थन की आवश्यकता थी, उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया गया और उपचारात्मक कक्षाओं या परामर्श के लिए संयोजित किए गए।
विद्यालय अब PTM के दौरान प्राप्त प्रतिक्रिया के आधार पर अनुवर्ती कार्य योजना तैयार कर रहा है। उल्लेखनीय प्रगति और निरंतर प्रयास दिखाने वाले छात्रों की शिक्षकों और अभिभावकों दोनों ने सराहना की।
प्रधानाचार्य ने शिक्षण कर्मचारियों के प्रयासों को भी स्वीकार किया और अभिभावकों को उनके निरंतर समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।



# अर्धवार्षिक परीक्षा

दिनांक : 15/ 09/ 2025






दिनांक : 17/ 09/ 2025

**कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम (POSH Act) पर एक सत्र आयोजित किया गया।**







दिनांक : 16/ 09/ 2025

केन्द्रीय विद्यालय, आर.आर.एल. जोरहाट को 16 सितंबर 2025 को प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों की मेज़बानी का सौभाग्य मिला। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC), मुंबई से डॉ. देब, डॉ. सान्याल, और डॉ. कर तथा काजीरंगा विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. सरफराज विद्यालय में उपस्थित हुए। उन्होंने कक्षा XI और XII के छात्रों के साथ बातचीत की और रेडियोधर्मिता पर एक आकर्षक प्रयोग का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. के.के. मोटला के साथ विज्ञान संकाय के सदस्य श्री ओझा, सुश्री साक्षी, और श्री पंकज भी उपस्थित रहे।

छात्रों ने सत्र का भरपूर आनंद लिया और इस प्रेरणादायक अनुभव से अपने वैज्ञानिक ज्ञान को समृद्ध किया !











# स्वच्छता पखवाड़ा

दिनांक : 16-30 सितंबर 2025

**शपथ से अभ्यास तक, जागरूकता से कार्रवाई तक — हमारा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान (16सितंबर -30 सितंबर) सामूहिक ज़िम्मेदारी की शक्ति को दर्शाता है।**

**मिलकर, हम सिर्फ एक स्वच्छ कल का सपना नहीं देखते, बल्कि इसे आज ही बनाते हैं।**















# स्वच्छता पखवाड़ा


KENDRIYA VIDYALAYA RRL JORHAT
स्वच्छता पखवाड़ा
Swachhata Pakhwada


KENDRIYA VIDYALAYA RRL JORHAT
स्वच्छता पखवाड़ा
Swachhata Pakhwada
REDMI NOTE 9 PRO MAX
AI QUAD CAMERA




स्वच्छता पखवाड़ा
Swachhata Pakhwada




KENDRIYA VIDYALAYA RRL JORHAT
स्वच्छता पखवाड़ा
Swachhata Pakhwada

# पीजीटी कंप्यूटर साइंस के लिए सतत् व्यावसायिक विकास कार्यशाला
# (Continuous Professional Development)
## हमारे विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार मोटला ने पाठ्यक्रम निदेशक के रूप में कार्य किया









सीएसआईआर-नीस्ट में आयोजित 31वीं डॉ. जे.एन. बरुआ स्मृति व्याख्यान में सम्मिलित हुआ।




# कर्मचारी बैठक



# सन्डे ऑन साईकिल





# समाचार पत्रों में विद्यालय!

## केवि आरआरएल में छात्र अलंकरण समारोह



छाया : पूर्वोदय

जोरहाट, 22 अगस्त (पू.सं.)। केंद्रीय विद्यालय आरआरएल, जोरहाट में आज छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार मोटसा ने छात्र परिषद् के नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों को पद एवं उत्तरदायित्व का भार सौंपते हुए उन्हें विद्यालय प्रबंधन के सुचारु संचालन में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया। समारोह का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व बोध तथा सहभागिता की भावना को विकसित करना रहा। अपने संबोधन में प्राचार्य ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपने कार्यों के माध्यम से अनुशासन, सहयोग तथा आदर्श आचरण का उदाहरण प्रस्तुत करें।

संध्या समय में मंदिर में उपस्थित होकर धारावाहिक रूप से श्री कृष्ण जन्मोत्सव के तहत सोहर व मांगलिक कार्य आयोजित करती आ रही थी। इसी कड़ी में कल 21 अगस्त को भगवान के छठिहार का पालन किया गया। कार्यक्रम के तहत संध्या 6.00 बजे से 8.00 बजे तक क्रमवार भोजपुरी समाज की महिलाओं ने मंदिर परिसर में सोहर गीत व मांगलिक कार्यों का पालन किया। तत्पश्चात कीर्तन मंडली द्वारा भजन कीर्तन आयोजित किया, जो देर रात तक चला। कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह, अन्य पदाधिकारी क्रमशः जयशंकर साह, विरेंद्र राय, राजेंद्र राय, संजय ठाकुर, संतोष कुमार (सीए), सूर्यभान साहनी, सुजीत साह, सुशील ठाकुर सहित सलाहकार दुखन साह, हेमचंद्र दुबे, बबलू मंडल की भूमिका अग्रणी रही।

## उरियामघाट की तनावपूर्ण स्थिति में तीसरे पक्ष क

## धन-बल से बनाया जा रहा डर का माहौल

## एक क्लिक, अनगिनत अपडेट्स – हमारे डिजिटल परिवार में शामिल हों

# सोशल मीडिया पर  हमें फ़ॉलो करें

# हमसे   जुड़ें

https://www.facebook.com/rrl.jorhat

https://www.facebook.com/profile.php?id=61560591590566
(Facebook Page)

KV RRL JORHAT
@kvrrljorhat3979
319 subscribers • 21 videos

https://youtube.com/@kvrrljorhat3979?si=smax4GKcIUZpH_Ke

Take a look at kvrrljorhat (@kvrrljorhat):
https://x.com/kvrrljorhat?
t=HSHSMja3Eng82cz_OT64Ag&s=08

वेबसाइट : https://no3jorhat.kvs.ac.in/

ईमेल आईडी :newrrljorhat1477@gmail.com

## मार्गदर्शन

डॉ. कृष्ण कुमार मोटला
प्राचार्य
केंद्रीय विद्यालय नं III ,आर आर एल ,जोरहाट

## संपादन और डिज़ाइन

श्रीमती लिज़ा बरुवा
टीजीटी गणित

# धन्यवाद